एक नजर

समारोह से लौट रहे युवकों की कार टकराई, एक की मौत

इंदौर । बाणगंगा में रहने वाले तीन युवक अपने परिचित की शादी में बेटमा गए थे। समारोह से लौटते समय उनकी कार को बड़ी गाड़ी ने टक्कर मार दी । हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हुआ है। बेटमा थाने में फरियादी सौरभ पिता रविंद्र चौधरी निवासी बाल्मीकि नगर बाणगंगा की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज हुआ है। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों पीयूष सुनहरे और सोनू के साथ बेटमा में शादी समारोह में शामिल होने के लिए कार से गए थे। वहां से लौट रहे थे तभी हनुमान मंदिर के सामने इंदौर अहमदाबाद फोरलेन पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सोनू की मौत हो गई बाकी दोस्त घायल हो गए।

फ्लेट से कीमती समान चोरी

इंदौर । बाणगंगा इलाके में एक फ्लेट में चोरी की वारदात हुई है। बदमाश कीमती सामान, आभूषण और नगदी सहित मल्टी में नीचे रखी मोटरसाइकिल भी चुरा ले गया । जिस तरह से चोरी की वारदात हुई पुलिस को शक है कि किसी परिचित ने ही वारदात को अंजाम दिया है। बाणगंगा थाने में भारती तोमर निवासी कल्याण संपत कॉलोनी की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है । उनके फ्लैट के ताले तोड़कर बदमाश लाखों रुपए के जेवर, नगदी और सामान चुरा ले गए। चोरी की वारदात शाम 7 बजे से रात 11 बजे के बीच हुई थी । इतना ही नहीं बदमाश मल्टी के नीचे पार्किंग में रखी भारती के भाई अभिषेक की पल्सर गाड़ी भी चुरा ले गए। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

रेस्टोरेंट संचालक पर हमला

इंदौर । रेलवे स्टेशन के नजदीक रेस्टोरेंट चलाने वाले एक युवक पर कल रात को हमला हुआ है। वह अपने घर जा रहा था रास्ते में एक आईसर ने स्कूटी गाड़ी को टक्कर मार दी युवक ने समझाइश दी तो इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष ने उस पर डंडों से हमला कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम विनय जैन निवासी तिलकनगर है। विनय की रेलवे स्टेशन के सामने जैन टी स्टॉल नाम से दुकान है। कल रात वह अपनी रेस्टोरेंट बंद कर घर जा रहा था तभी एक आईसर गाड़ी ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। विनय ने आपत्ति जताते हुए आयशर वाले को समझाइश दी । इसी बात को लेकर उसमें सवार युवक उतरे और विनय पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। उसे दौड़ा-दौड़ा कर पीटा उसके पीछे हाथ पर गंभीर चोट आई है। वह थाने पहुंचा तो आरोपियों की तरफ से भी कुछ लोग थाने पहुंच गए थे जो लगातार समझौते का दबाव बना रहे थे।

विश्व ल्यूपस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर। विश्व ल्यूपस दिवस के उपलक्ष्य में चोइथराम हॉस्पिटल, इंदौर की ओर से बुधवार को ल्यूपस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा रोड स्थित चोइथराम क्लिनिक पर कंसल्टेंट ह्यूमेटोलॉजीस्ट डॉ. पारुल बाल्दी ने बताया कि ल्यूपस एक ऑटोइम्यून बीमारी है। यह बीमारी तब होती है, जब शरीर के विभिन्न बीमारियों से बचाने वाला इम्यून सिस्टम ही शरीर को नुकसान पहुंचाने लगता है और हमला करना शुरू कर देता है। ये बीमारी शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित करती है, जैसे- स्किन, किडनी, ज्वाइंट्स, ब्लड सेल्स, ब्रेन, दिल और फेफड़े। ल्यूपस की पहचान करना कभी-भी मुश्किल हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बीमारी के लक्षण दूसरी बीमारियों के जैसे ही लगते हैं। कई बार लोग इसके लक्षणों को आम समस्या समझने की गलती कर बैठते हैं। यही वजह है कि इसके इलाज में कई बार काफी देरी हो जाती है। कार्यक्रम में ल्यूपस बिमारी के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए ह्यूमेटोलॉजीस्ट डॉ. सौरभ दुग्गड़ ने बताया कि ल्यूपस सभी को अलग तरह से प्रभावित करता है।

विभिन्न समाजों की 21 महिलाएं अलंकृत

इंदौर । सत्कार कला केंद्र ने विभिन्न समाजों की ऐसी 21 महिलाओं को देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से सम्मानित किया,जिन्होंने नारी सशक्तिकरण , स्वालंबन,जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।यह गरिमामय आयोजन जाल सभागृह में सुश्री प्रीती अग्रवाल,पोस्ट मास्टर जनरल,भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य में एवं श्रीमती रेणू पंत पूर्व सचिव म . प्र . शासन की अध्यक्षता में जाल सभागृह में हुआ। स्वागताध्यक्ष थी श्रीमती नीलू अग्रवाल पाथ इंडिया लिमिटेड एवं वरिष्ठ समाजसेवी ,महू। सभी महिलाओं को अलंकरण प्रदान किए गए ।

लव-मैरिज के घंटेभर बाद पत्नी छोड़ गई तो फांसी लगाई

मैसेज में लिखा- मेरी बॉडी को एक बार हग कर लेना प्लीज

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। बाणगंगा इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। 7 साल से वह अपनी एक करीबी रिश्तेदार से प्रेम संबंध में था । करीब 12 दिन पहले जोड़ा घर से भाग गया। शादी कर लौटा, 3 दिन पहले उनका तलाक भी हो गया । इसी से वह डिप्रेशन में था। उसने अपनी मौत की वजह अपनी पत्नी को बताया है।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक राहुल पिता रवि चांदेकर निवासी मारुति नगर (23) ने घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। बड़े भाई का

मैसेज देखकर छोटा भाई मयूर घबराते हुए पहुंचा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। भाई मयूर ने बताया कि राहुल और उसकी रिश्तेदार युवती के बीच 7 साल से अफेयर था। दोनों ने 16 मई को घर से भागकर शादी कर ली थी, लेकिन दो दिन बाद ही पत्नी ने थाने जाकर राहुल पर जबरदस्ती साथ रखने का आरोप लगा दिया था। इसके बाद वह अपने माता-पिता के पास रहने चली गई थी।

मृतक के भाई मयूर के मुताबिक राहुल इसी बात को लेकर डिप्रेशन में था। वह काम पर भी नहीं जा रहा था। राहुल का मैसेज देखकर पत्नी ने इंदौर में अपनी मामी से फोन पर बात कर इसकी जानकारी दी थी।

सराफा व्यापारी का मारपीट का वीडियो वायरल

पत्नी, सास-ससुर, साले पर लगाए आरोप, बोला- 800 ग्राम सोना, ढाई किग्रा चांदी लेकर भाग गई थी पत्नी

इंदौर। इंदौर के सोना चांदी व्यापारी ने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। वीडियो में वह अपनी पत्नी, ससुर और साले पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं। बताया जाता है कि घर ओर दुकान बेचकर उसने 52 लाख का कर्ज चुकाया था। इतना ही नहीं ग्राहकों व दुकानदारों के लिए बनाए गए जेवर भी पत्नी लेकर घर से भाग गई।

मामला एरोड्रम थाने के अंतिम सोनी का है। वह बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचा था। एरोड्रम थाना क्षेत्र में रहने वाले अंतिम सोनी ने 2015 में आर्य समाज पद्धति से युवती से शादी की थी। शादी के 5 साल बाद वह मेरा 800 ग्राम सोना, ढाई सौ ग्राम चांदी और ढाई लाख रुपए नगद लेकर फरार हो गई। अंतिम ने इसकी शिकायत एरोड्रम पुलिस से की थी। अंतिम ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आवेदन लेकर मुझे टरका दिया।

काफी समय तक भटकता रहा

अंतिम इस मामले में अफसरों के पास भी काफी समय तक परेशान होता रहा। बाद में अपनी दुकान और घर बेचकर व्यापारियों और ग्राहकों के पैसे की भरपाई की। अचानक 2 साल बाद ससुराल वालों का फोन आया और डिवोर्स पेपर पर साइन करने के लिए दबाव बनाने लगे। उन्होंने मंगलवार को अंतिम सोनी को कोर्ट बुला लिया।

यहां से उसे अपने साथ एरोड्रम इलाके में ले गए और बंद कमरे में मारपीट की। अंतिम ने तलाक देने के पहले 52 लाख रुपए देने की बात कही थी। जिसके चलते वह कर्ज में दब गया। अंतिम सोनी बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अफसरों से मिलने पहुंचा था। जिसमें फिर से उसे जांच का आश्वासन दिया है।

कंटेनर फोड़ा... ड्राइवर को पीटा

राऊ में सड़क हादसे के बाद हमला

इंदौर । राऊ इलाके में कल एक सड़क हादसे के बाद कंटेनर चालक पर हमला हो गया। उसका कंटेनर भी फोड़ दिया गया है। राउ थाने से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी सोनल कुमार पिता अभय राम निवासी इटावा की शिकायत पर एक कार के नंबर के आधार पर उसके चालक और साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घायल कंटेनर चालक ने पुलिस को बताया कि वह बाईपास पर से जा रहा था तभी कार वाले को टक्कर लग गई थी। कार सवार युवक उतरे उन्होंने उतरते ही कंटेनर चालक से विवाद शुरू कर दिया। उसे जमकर पीटा इतना ही नहीं डंडों से कंटेनर के कांच भी फोड़ डाले। पुलिस अब गाड़ी नंबर के आधार पर आरोपियों को तलाश रही है।

वैन में बैठी सवारी का पर्स निकालकर भागा बदमाश

इन्दौर । मधुमिलन चौराहे से मूसाखेड़ी जाने के लिए महिपाल वैन में बैठा था तो महिपाल की जेब से वैन में बैठी अन्य सवारी ने पर्स निकाल लिया, जब महिपाल ने अपनी जेब चेक की तो पता चला कि पर्स नहीं है, वैन में देखा कि गिरा है तो उसे पर्स मिल गया, हालांकि पर्स में रखे एक हजार रु. गायब थे। शिवाजी वाटिका ड्यूटी कर रहे आरक्षक अजय तोमर को महिपाल ने उतरकर सारा वाक्या बताया, तभी आरक्षक ने वैन की ओर कदम बढ़ाया तो बदमाश मोहसीन पिता असलम निवासी चंदन नगर भागने लगा।

चलती कार में लगी आग कूद कर बचाई जान

इन्दौर । सुपर कारिडोर पर आज सुबह चलती लग्जरी कार में आग लग गई। अचानक लगी आग से कार सवार घबरा गए उन्होने तुरन्त कूद कर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि कार में दो लोग सवार थे और कार गुजरात पासिंग है, दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

गोलू शुक्ला के दफ्तर में धमाके से लगी आग

दफ्तर जलकर खाक, कर्मचारी भी हुए घायल

इंदौर । इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और भाजपा नेता गोलू शुक्ला के मरीमाता स्थित ऑफिस में आज तड़के धमाके के साथ आग लग गई। बताया जा रहा है गैस पाइपलाइन में लीकेज की वजह से हादसा हुआ है। आग ने पूरे दफ्तर को चपेट में ले लिया। इधर कुछ कर्मचारियों के भी घायल होने की बात सामने आई है। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह लगभग सवा चार बजे की है। मरीमाता स्थित ऑफिस में आग लगने की सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। उज्जैन से आने वाले मार्ग को बंद कर आग बुझाने की कोशिश की गई। आग की वजह से पूरा दफ्तर जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है मरीमाता चौराहे के पास ही निजी टेलीकॉम कंपनी की अंडर ग्राउंड लाइन डाली जा रही है। इसकी वजह से वहां खुदाई का काम हो रहा है। लापरवाही पूर्व खुदाई की वजह से नीचे से गुजर रही अवंतिका गैस पाइपलाइन को नुकसान हो गया। गैस रिसाव के कारण जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना जबरदस्त था कि ऑफिस के कांच फूटकर दूर-दूर तक गिरे और वहां आग लग गई। थोड़ी देर में पूरा दफ्तर जलकर खाक हो गया। दफ्तर के समीप कर्मचारी नरेन्द्र तिवारी भी रहते थे, जो बमुश्किल जान बचाकर भागे, फिर भी वे घायल हो गए। गोलू शुक्ला के कार्यालय में कावड़ यात्रा की तैयारी के प्लास्टिक लौटे और डंडे सहित अन्य सामान रखा हुआ था वह भी जलकर खाक हो गया। गोलू शुक्ला घर पर देरी से पहुंचे थे इसलिए वे अलसुबह नहीं पहुंचे उनके दोनों बेटे अंजनेश और रुद्राक्ष शुक्ला पहुंच गए थे। इस कार्यालय से लगा हुआ पुराना मरीमाता का मंदिर है, मंदिर में भी आग लग गई। माता की मूर्ति में भी नुकसान हुआ है। मंदिर में भी क्षति हुई है।

ड्रग्स तस्करों के खिलाफ मांगलिया चौकी का घेराव

इंदौर । कल मांगलिया चौकी का घेराव रहवासियों ने किया। उन्होंने ड्रग्स तस्करों के ऊपर कार्रवाई को लेकर पुलिस के समक्ष नाराजगी जताई थी। शिप्रा थाना इलाके के मांगलिया चौकी पर कल रात बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और चौकी का घेराव कर ड्रग्स पाउडर बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। लोगों का आरोप था कि चौकी से आधा किलोमीटर की दूरी पर ड्रग्स बेचा जा रहा है, लेकिन पुलिस है कि कार्रवाई करती ही नहीं है । ग्रामीणों ने यहां ओमप्रकाश उर्फ गट्टू पिता राधेश्याम सोनी पर घर से ही नशा बेचने का आरोप लगाया वहीं जयप्रकाश उर्फ गोलू का भी नाम बताया । लोगों को जैसे-तैसे पुलिस ने शांत किया। हाथों हाथ ही कुछ ड्रग पेडलरों को पकड़ा भी था जिसके बाद हंगामा खत्म हो पाया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

पुलिसकर्मियो के लिए लगा निशुल्क मुख व दंत परीक्षण शिविर

इंदौर। आज बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर, तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान एवं बिमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा बेनी देवी बैजनाथ मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी इंदौर, आदित्य निर्मल सोसाइटी एवं इंदौर दंत चिकित्सा महाविद्यालय के सहयोग से नगरीय इन्दौर के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करने हेतु नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं निशुल्क मुख व दंत परीक्षण शिविर का आयोजन, रीगल चौराहा, रानी सराय स्थित पुलिस

कार्यालय के सभागार में किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश श्रीमती शर्मिष्ठा दवे की अध्यक्षता एवं अति. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय मनीषा पाठक सोनी की विशेष उपस्थिति में, इंदौर दंत चिकित्सा महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉक्टर वृंदा सक्सेना, डॉ अंकिता भार्गव, डॉ माधवी पाटीदार और उनकी टीम द्वारा पुलिसकर्मियों का डेंटल चेक अप किया गया और तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम व बिमारियों के बारें में विस्तृत रूप से बताते हुए, हम इन बिमारियों और इनके सेवन की लत से किस प्रकार बच सकते है आदि को प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम के अंत में अति. पुलिस उपायुक्त श्रीमती मनीषा पाठक सोनी एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी को तंबाकू एवं हर प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई गयी।

रैपीडो बाइक का इंतजार कर रहे छात्र को लूटा

इंदौर । खजराना इलाके में सागर के रहने वाले एक छात्र के साथ लूट की वारदात हुई है । वह रैपीडो गाड़ी का इंतजार कर रहा था तभी बाइक सवार बदमाश ने उसे निशाना बनाया। खजराना पुलिस के अनुसार फरियादी का नाम प्रखर सिंह पिता यशपाल सिंह चंदेल निवासी सागर हाल मुकाम विनायक नगर खजराना है। वह इंदौर में पढ़ाई कर रहा है । कल वह सिद्धिविनायक अस्पताल के सामने खड़ा था । वह रैपीडो बाइक का इंतजार कर रहा था तभी काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक आया और उसका मोबाइल झपट कर ले गया। पीड़ित छात्र ने थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस अब इलाके के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

सात साल की बच्ची से की अश्लील हरकत

इंदौर । लसूडिया इलाके में सेलून वाले ने सात साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत का आरोप लगा है । मासूम बच्ची अपने हेयर कट के लिए दुकान पर पहुंची थी। वही बदमाश ने गंदी हरकत कर डाली । लसूड़िया पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम कोमल ठाकुर नाई निवासी टीटी नगर देवास नाका है । एक बच्ची की मां ने आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट की धाराओं में दर्ज करवाया है । उनका आरोप है कि बच्ची बाल कटवाने गई थी ।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत विश्व बैंक अंतिरिक्त परियोजना जसवाड़ी रोड़ खण्डवा में भूखण्ड क्रमांक ए/176 मंडल द्वारा श्रीमती अनिता कैथवास पति श्री दिलिप कुमार कैथवास के नाम से आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 08/11/2012 को पंजीकृत है। उक्त संपत्ति का श्रीमती अनिता कैथवास से श्री गुलाब मोरगे पिता श्री परसराम मोरगे ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 29/03/2023 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र/विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री गुलाब मोरगे पिता श्री परसराम मोरगे के नाम से हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत विश्व बैंक अतिरिक्त परियोजना जसवाड़ी रोड़ खण्डवा में भवन क्रमांक ए/307 एलआयजी मंडल द्वारा श्री नितिन पालीवाल पिता श्री अशोक पालीवाल के नाम से आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 23/01/2016 को पंजीकृत है। उक्त संपत्ति का श्री नितिन पालीवाल से श्री कैलाशचंद्र पिता श्री विश्राम भलराय ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 02/02/2023 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र/विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री कैलाशचंद्र पिता श्री विश्राम भलराय के नाम से हस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

मां के साथ बिताए बचपन के पलों की जब दिलाई याद, तो बेटे ने मां के पैर छू कर माफी मांगी

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत, बुजुर्गों की समस्याओं को सुलझाने का कर रही है हरसंभव प्रयास

इंदौर। सीनियर सिटीजन की समस्याओं के समाधान हेतु इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का संचालन किया जा रहा है। जिसमे अति. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती मनीषा पाठक सोनी द्वारा पलासिया स्थित कार्यालय में स्वयं व्यक्तिगत रूप से वृद्धजनो की कार्यालयीन समय में शिकायत ले रही है जिसके तहत ही वृद्धजनों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक बुधवार को काउंसलिंग का आयोजन भी किया जाता है। आज 31 मई को कुल 6 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें 3 प्रकरणों का समाधान हुआ और

शेष 3 प्रकरण के लिए अगली सुनवाई हेतु तारीख निश्चित की गई।

आज सुने गए महत्वपूर्ण प्रकरण में मानवता नगर में रहने वाली संभ्रांत परिवार की वृद्ध विधवा महिला, अपने बहू एवं पुत्र से प्रताड़ित होती रही हैं, दोनों के मध्य काफी लंबे समय से बोलचाल बंद थी। काउंसलिंग में काफी मशक्कत के पश्चात पुत्र के बिगड़े बोल एवं बिगड़ी हुई मानसिकता में बदलाव आया। बेटे को बचपन में मां की गोद में बीते उसके बचपन को जब याद कराया गया तब मां की ममता के महत्व को उसने जाना और पैर छूकर आशीर्वाद लिया और जो भी विवाद है वे आपस में संवाद प्रतिदिन स्थापित करके हल करेंगे । मां और पुत्र दोनों ही आपस में प्रतिदिन अलग रहते हुए भी मेल मिलाप करेंगे और अपनी समस्याओं का समाधान करके आगामी बुधवार को सूचित करेंगे, ऐसा आश्वासन मिला । मां ने भी अश्रुपूरित होकर बेटे के सिर पर हाथ रखा मां बेटे दोनों भावुक होकर दोनों एक दूसरे का हाथ पकड़ कर विदा हुए।

रंगे हाथों धराया चोर

इंदौर । अन्नपूर्णा इलाके में निमार्णाधीन मकान से सामान चुराते हुए दो बदमाश पकड़ाए हैं । उन से चुराया गया सामान भी बरामद हुआ है। अन्नपूर्णा थाने में फरियादी विजय पिता बालकृष्ण शर्मा निवासी विश्वकर्मा नगर की शिकायत पर आरोपी सार्थक और शशांक दोनों निवासी बाराभाई मोहल्ला महूनाका के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि मकान पर निर्माण कार्य चल रहा है । आरोपी वहां रात के समय पहुंचे और तरापे चोरी कर ले जाने लगे। वहां मौजूद चौकीदार ने उन्हें पकड़ा और पुलिस को खबर की।

Shree Pacetronix Ltd.
CIN: L33112MP1988PLC004317
Regd. Office: Plot No.15, Sector II, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar (M.P.) 454775
Tel No. 07292-411105, Fax no. 07292-400418
E-mail: pacetronix@hotmail.com website: www.pacetronix.com

STANDALONE/CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2023

(Rs. In Lakhs Except EPS)

Sr. No.	Particulars	Standalone					Consolidated				
		Quarter Ended			Year Ended		Quarter Ended			Year Ended	
		31.03.2023 (Audited)	31.12.2022 (Unaudited)	31.03.2022 (Audited)	31.03.2023 (Audited)	31.03.2022 (Audited)	31.03.2023 (Audited)	31.12.2022 (Unaudited)	31.03.2022 (Audited)	31.03.2023 (Audited)	31.03.2022 (Audited)
1	Total Income from operation (Net)	755.12	522.46	235.11	2028.06	909.20	755.15	522.60	239.97	2034.70	930.16
2	Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	280.31	89.19	36.66	459.72	88.49	277.30	89.03	41.24	482.03	106.05
3	Net Profit/(Loss) for the period before tax (After Exceptional and/or Extraordinary items)	280.31	89.19	36.66	459.72	88.49	277.30	89.03	41.24	482.03	106.05
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	198.00	62.02	27.08	324.76	65.21	195.66	61.56	30.30	325.96	78.08
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income(after tax)]	198.00	62.02	27.08	324.76	65.21	195.66	61.56	30.30	325.96	78.08
6	Equity Share Capital	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94	359.94
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year				619.73	296.77				607.41	283.24
8	Earnings Per Share (of Rs. 10 each) (for continuing and discontinued operations)										
	(a) Basic (in Rs.)	5.50	1.72	0.75	9.02	1.81	5.44	1.71	0.84	9.06	2.17
	(b) Diluted (in Rs.)	5.50	1.72	0.75	9.02	1.81	5.44	1.71	0.84	9.06	2.17

Note: 1. The above is an extract of the detailed Statement of Standalone/Consolidated Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full Statement of Standalone/Consolidated Financial Results are available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company website (www.pacetronix.com).
2. The above result of the Company has been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND-AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

SHREE PACETRONIX LIMITED
Sd/- AKASH SETHI
JOINT MANAGING DIRECTOR
(DIN: 08176396)

Date: 30th May 2023
Place : Pithampur

Ranjit SECURITIES LTD.
CIN : L67120MP1994PLC008680
Regd. Off. : 317-318, Transport Nagar, Scheme No. 44, INDORE-14 (M.P.)
Phone : 0731-4058447, 4293747, Fax : 0731-2366558
Website: www.ranjitsecurities.com, Email: compliance@ranjitsecurities.com

Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results of the Company for the Year ended 31st March, 2023

(₹ in Lacs)

S. No.	Particulars	Quarter Ended			Year Ended	
		31.03.2023 (Audited)	31.12.2022 (Unaudited)	31.03.2022 (Audited)	31.03.2023 (Audited)	31.03.2022 (Audited)
1	Total income from operations (net)	32.24	23.54	62.65	114.99	148.41
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	5.04	4.67	27.75	21.29	27.67
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	5.04	4.67	27.75	21.29	27.67
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	3.33	3.59	18.50	18.98	18.41
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	3.33	3.59	18.50	18.98	18.41
6	Equity Share Capital	268.74	268.74	268.74	268.74	268.74
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	-	-	-
8	Earnings Per Share (of ₹10/- each) (not annualized) (for continuing and discontinuing operations) Basic :	0.12	0.13	0.69	0.71	0.69
	Diluted:	0.12	0.13	0.69	0.71	0.69

Note : The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the Quarter as well as Year ended 31st March, 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.
The full formats of the above Financial Results are available on the company website: **www.ranjitsecurities.com/**
Stock Exchange website: **www.bseindia.com/**

For **Ranjit Securities Limited**
Sd/-
Harman Singh Hora
Managing Director
(DIN: 00209317)

Place : **INDORE**
Date : **30.05.2023**

VIGILANCE